Dainik Bhaskar 13. 3. 12 Page. 13

हिंदुस्तान मोटर्स ने लांच की पजेरो स्पोर्ट

नई दिल्ली। हिंदुस्तान मोटर्स लि. ने भारतीय बाजार में जापान की वाहन निर्माता कंपनी मित्सुबिशी की स्पोटर्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) पजेरो का नया संस्करण पजेरो स्पोर्ट पेश किया है। हिंदुस्तान मोटर्स तकनीकी करार के तहत भारत में मित्सुबिशी के वाहनों का विनिर्माण करती है। स्पोर्ट पजेरो की दिल्ली में एक्स शोरूम कीमत 23.53 लाख रुपए रखी गई है। हिंदुस्तान मोटर्स के निदेशक ए शंकर नारायणन और मित्सुबिशी मोटर्स कॉर्पोरेशन के कार्यकारी अधिकारी मासाहिको यूएकी ने एक कार्यक्रम में स्पोर्ट पजेरो को पेश किया। नारायणन ने कहा कि कंपनी का इरादा पहले साल में स्पोर्ट पजेरो की 4000 से 5000 इकाइयों की बिक्री का है। उन्होंने बताया कि शुरू में यह कार आयात की जाएगी और उसके बाद कंपनी सितंबर से इसके कलपुर्जे आयात कर चेन्नई प्लांट में असेंबल करेगी। नारायणन ने बताया कि कंपनी ने नए माडल पर इस साल 40 से 50 करोड़ रुपए का निवेश करने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे स्पोर्ट पजेरो पुरानी पजेरो का स्थान ले लेगी। फिलहाल पुरानी पजेरो की बिक्री जारी रहेगी। यूएकी ने कहा कि मित्सुबिशी के लिए भारतीय बाजार काफी महत्व रखता है। कंपनी भारत में मित्सबिशी के बेड़े से छोटी कार उतारना चाहती है।